यात्रा दस्तावेज — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सऊदी अरब में नर्स के रूप में काम करने के लिए चुने गए रंगरूटों को यात्रा दस्तावेज सौंपे।

धन्यवाद — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को पीआर ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने नई कर बकाया सुलह योजना की घोषणा के लिए धन्यवाद देने के लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की।

# श्रीलंका ने 27 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, केंद्र आवश्यक कार्रवाई करे : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने राज्य के 27 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी पांच नौकाओं को कब्जे में ले लिया है, इसलिए केंद्र सरकार को उन्हें रिहा कराने तथा उनकी नौकाओं को मुक्त कराने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

स्टालिन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कहा कि दो अलग-अलग घटनाओं में 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने 14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में रामेश्वरम के 23 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया। जबकि एक अन्य घटना में, चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी मशीनीकृत नौका को जब्त कर लिया।

मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्री जयशंकर से तमिलनाडु के 27 मछुआरों की रिहाई के लिए तत्काल राजनयिक कदम उठाने का अनुरोध किया। स्टालिन ने जयशंकर को संबोधित पत्र में कहा, जैसा कि मैंने आपको पहले लिखा है, गिरफ्तारी और जब्ती की इन बार-बार की घटनाओं ने हमारे समुद्र तट पर मछली पकड़ने वाले समुदायों के दिलों में डर पैदा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मछुआरों की आजीविका दांव पर है, जो अक्सर अपने परिवारों के लिए एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति होते हैं। इस तरह की बार-बार होने वाली गिरफ़्तारियों के गहरे आर्थिक प्रभाव हैं, क्योंकि इससे न केवल मछुआरों और उनके परिवारों की आय का नुकसान होता है, बल्कि कई व्यक्तियों की खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है।

बैठक — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दिव्यांगों के राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की।

# कांग्रेस ने वर्तमान तमिलनाडु प्रमुख अलागिरि के उत्तराधिकारी पर फैसला नहीं किया है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस के कई वर्ग राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के.एस. अलागिरि को बदलना चाहते हैं, लेकिन पार्टी आलाकमान ने अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। तमिलनाडु कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि एक सांसद और दो विधायकों सहित पार्टी के असंतुष्ट तत्वों ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के समक्ष यह मुद्दा उठाया था, जो शनिवार को चेन्नई आई थीं।

हालांकि, उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पांच साल पूरे कर चुके अलागिरि को बदलने का फैसला नहीं किया है। तमिलनाडु कांग्रेस तीन समूहों में विभाजित है। एक मौजूदा अध्यक्ष के.एस. अलागिरि का समर्थन करता है। तमिलनाडु कांग्रेस विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुन्थागई के समर्थकों का दूसरा गुट है। तीसरा समूह आईएएस अधिकारी से नेता बने शशिकांत सेंथिल का है।

सेंथिल पार्टी का दलित चेहरा हैं, लेकिन वह किसी समूह से नहीं जुड़े हैं। हालांकि पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें अपना समर्थन दिया है। अलागिरि के करीबी कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आलाकमान ने नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला नहीं किया है क्योंकि इससे पार्टी की मौजूदा स्थिति खराब हो सकती है। अलागिरि के पद पर बने रहने का विरोध करने वाले समूहों ने बताया कि मौजूदा अध्यक्ष ने राज्य कांग्रेस के लिए कुछ नहीं किया है। यहां तक कि पार्टी की कई बूथ समितियां भी निष्क्रिय हैं। कांग्रेस द्रमुक और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की लोकप्रियता पर सवार होकर चुनाव जीत रही है। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि अलागिरि का स्टालिन के साथ बहुत अच्छा तालमेल है और पद पर बने रहने के लिए यह उनका तुरुप का इक्का है। कांग्रेस आलाकमान के फैसला न कर पाने और तीन अलग-अलग समूहों द्वारा अपने नेता को शीर्ष पर लाने की खींचतान के बीच यह देखना होगा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी तमिलनाडु की राजनीति में कैसे टिकी रहेगी।

# अमृता विश्वविद्या पीठम में दीक्षांत समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** अमृता विश्वविद्या पीठम द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हैदराबाद आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर वीएस मूर्ति ने की। अमृता विश्वविद्या पीठम एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार भारत की शीर्ष 10 विश्वविद्यालय में से एक है। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 176 छात्रों को जिनमें से 32 छात्राएं शामिल है को डिग्री प्रदान की गई इनमें अधिकांश छात्र बीटेक कंप्यूटर साइंस, और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के रहे। इसके साथ ही बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक, संचार, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक स्ट्रीम के छात्र में छात्राओं ने भी डिग्रियां प्राप्त की। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी एस मूर्ति निदेशक आईआईटी हैदराबाद तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. हनुमंत राव महानिदेशक एमएआईटीए अनुसंधान एवम विकास भारत सरकार थे।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमृता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति माता अमृतानंदमई देवी ने कहा कि हमें अपने जीवन में अलसी युवा के सफल मॉडल की कहानी को सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव ही हमारा सच्चा गुरु होता है सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ अनुभव से प्राप्त ज्ञान का भी हमें जीवन में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की जब हम अपने सेवा के कार्य में कदम रखें तब उसी समय हमें धैर्य और श्रद्धा के साथ कार्य करने का साहस विकसित कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य हमारे अनुग्रह को आकर्षित करते हैं जिससे हमारे कार्य पूर्ण और सार्थक हो जाते हैं। अमृता विश्वविद्यापीठम के प्रबंधन सदस्य रामकृष्ण नंदपुरी ने इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम और आप आज यहां खड़े हैं तो यह हमारे द्वारा तय की गई कठिन यात्रा का परिणाम है हम सभी अनगिनत बाधाओं को पार कर आगे बढ़े हैं हमारा समर्पण और कड़ी मेहनत इसकी आधारशिला है। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में हमें लचीलेपन और शालीनता से सभी बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। दीक्षांत समारोह के अवसर पर अमृता विश्वविद्या पीठम के प्रबंधन सदस्यों के साथ छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में विज्ञान और मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ विनीता साईं के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दक्षिण रेलवे ने टिकट चेकिंग में बनाया रिकार्ड



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने टिकट चेकिंग के रूप में 15 अक्टूबर को एक दिन में मात्र 22.7 लाख रुपए वसूले गए। दक्षिण रेलवे मुख्यालय फ्लाइंग स्क्वाड की एक दिन की अब तक की सबसे बड़ी कमाई है। जांच दल ने कुल 3384 मामले दर्ज किए।

दक्षिणी रेलवे अधिकृत रेल उपयोगकर्ताओं के लिए सेवाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और बिना टिकट या अनियमित यात्रा को रोकने के लिए लगातार गहन टिकट जाँच पहल करता है। इन पहलों में घात जांच (अलार्म श्रृंखला के दुरुपयोग को रोकने के लिए), किले की जांच (अधिकृत द्वारों के माध्यम से यात्रियों के प्रवेश और निकास की निगरानी के लिए), और क्रॉस कंट्री जांच (जोनल मुख्यालय दस्ते द्वारा की गई) शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना और टिकटिंग नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना है । दक्षिणी रेलवे के मुख्यालय फ्लाइंग स्क्वाड ने अब तक की सबसे अधिक एक दिन 15 अक्टूबर को 22.7 लाख रुपए कमाई दर्ज की। दक्षिण रेलवे मुख्यालय के 31 टिकट चेकिंग स्टाफ के उड़नदस्ते ने 15 अक्टूबर को बिना टिकट/अनियमित यात्रा के 3508 मामले दर्ज किए और रु. 22.7 लाख का जुर्माना वसूला। डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल, पेरम्बूर, इरोड, कोयम्बटूर जंक्शन और एर्नाकुलम जंक्शन स्टेशनों पर उड़न दस्ते द्वारा गहन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। रिकॉर्ड एक दिन की कमाई में प्रभावी योगदान देते हुए, मुख्य टिकट निरीक्षक पी. दिलीप और सीए शिवकुमार, और उपमुख्य टिकट निरीक्षक सुश्री जी. जोथी ने 15 अक्टूबर को क्रमशः 338, 269 और 209 मामले संभाले और क्रमशः 2.19 लाख रुपये, 1.86 लाख रुपये और 1.36 लाख रुपये का राजस्व दर्ज किया।

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक एसआर टिकट चेकिंग प्रदर्शन :** चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 1 अप्रैल 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक दक्षिण रेलवे में यात्रा के दौरान विभिन्न अपराधों के लिए कुल 10.39 लाख मामले दर्ज करते हुए यात्रियों से जुर्माने के रूप में 57.48 करोड़ रुपये वसूले है। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट और बिना बुक किया गया सामान शामिल हैं। दक्षिणी रेलवे अपने टिकट चेकिंग विंग के समर्पित प्रयासों की सराहना करता है। हालांकि वे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि यात्री वैध अधिकार के साथ यात्रा करें, लेकिन जनता के लिए सामूहिक रूप से सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## कावेरी विवाद : कन्नड़ कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**बेंगलूरु।** कर्नाटक रक्षणा वेदिके के नेतृत्व में कन्नड़ संगठनों ने तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने की निंदा करते हुए सोमवार को 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम का आह्वान किया। कार्यकर्ता 18 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर धरना देंगे। कार्यकर्ता मंगलवार को ट्रेन और फ्लाइट से नई दिल्ली आएंगे, जिसमें कर्नाटक रक्षणा वेदिके के अध्यक्ष नारायण गौड़ा बेंगलूरु से उनके साथ शामिल होंगे। दिल्ली कन्नड़ संघ नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर कन्नड़ कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने कावेरी विवाद में हस्तक्षेप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी समय मांगा है। सूत्रों ने कहा कि नारायण गौड़ा और दिल्ली कन्नड़ संघ के अध्यक्ष नागराज 18 अक्टूबर को मोदी से मिलेंगे।

# पहले गगनयान मिशन का 21 अक्टूबर को होगा परीक्षण : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को घोषणा की कि पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के हिस्से के रूप में पहला मानव रहित उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) 21 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह समग्र गगनयान कार्यक्रम में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने कहा, टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान 21 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच एसडीएससी-एसएचएआर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से निर्धारित है। टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करेगी।

इसरो के मुताबिक यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। समग्र गगयान कार्यक्रम के लिए लगभग पूर्ण प्रणाली को उड़ान परीक्षण के लिए एकीकृत किया गया है। क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का मानव रहित परीक्षण उड़ान मिशन में इसरो के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम3का उपयोग करके किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा, एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) उड़ान परीक्षण यान की तैयारी एसडीएससी-शार रेंज में क्रू एस्केप सिस्टम पर पूरे जोर-शोर से चल रहा है। उन्होंने कहा,पहला मानव रहित टीवी-डी1 परीक्षण मिशन 21 अक्टूबर को होगा। इसके बाद पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी। परीक्षण का उद्देश्य 'क्रू मॉड्यूल' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है, जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा जाएगा। परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना और इसे पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है।

उन्होंने कहा, नौसेना कर्मियों ने मॉड्यूल को पुनर्प्राप्त करने के लिए पहले ही मॉक ऑपरेशन शुरू कर दिया है। क्रू मॉड्यूल के साथ-साथ एक 'क्रू एस्केप' सिस्टम भी होगा। यदि अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष में चढ़ते समय किसी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो इस एस्केप सिस्टम से चालक दल को अलग करने और सुरक्षित रूप से समुद्र में वापस लाने की उम्मीद है, जहां से उन्हें नौसेना कर्मियों द्वारा उठाया जाएगा। गगनयान मिशन अगले साल की दूसरी तिमाही में होने की उम्मीद है।

# पाक खिलाड़ियों के सामने जय श्री राम के नारे लगाना अस्वीकार्य : उदयनिधि स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर भीड़ द्वारा जय श्री राम के नारे लगाने को लेकर तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के मंत्री और द्रमुक के वरिष्ठ नेता उदयनिधि स्टालिन ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है।

स्टालिन ने मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आउट होने पर भीड़ द्वारा शोर मचाने और जय श्री राम के नारे लगाने का जिक्र किया। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में डीएमके नेता ने कहा, भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है।

हालांकि, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य है। खेल को देशों के बीच एकजुट करने वाली शक्ति बनना चाहिए और सच्चे भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। नफरत फैलाने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना सही नहीं है। उदयनिधि स्टालिन के बयान के समर्थन में, तमिलनाडु के कई क्रिकेट प्रशंसकों ने अगले दस दिनों में चेपॉक में खेलने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम को प्यार और सम्मान देने का आह्वान किया है। लक्ष्मी नाम की एक प्रशंसक ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान अगले 10 दिनों में चेपॉक में दो मैच खेल रहा है और हमें बाबर आजम और टीम ने अहमदाबाद में जो कुछ सहा, उसकी भरपाई करनी चाहिए। खेल सार्वभौमिक भाईचारे के लिए है और कुछ लोग इसे नफरत फैलाने का स्थान बना रहे हैं जो अस्वीकार्य है। शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान को बेहद एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद प्रशंसकों ने वंदे मातरम गाया।

पाकिस्तान के कप्तान और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम जब रोहित शर्मा के साथ टॉस के लिए उतरे तो फैन्स ने उन्हें भी खूब हूट किया।

हालांकि, स्टेडियम में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी हस्ताक्षरित भारतीय जर्सी उपहार में देते हुए भी देखा गया।

मुलाकात — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को इसरो के प्रमुख सोमनाथ ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। उन्होंने इसरो की उपलब्धियों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए इसरो के साथ काम करेंगे प्रज्ञानंदा : सोमनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने सोमवार को कहा कि शतरंज ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा युवाओं के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी के साथ काम करेंगे। सोमनाथ ने यहां युवा शतरंज खिलाड़ी प्रज्ञानंदा से उनके आवास पर मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमें गर्व है कि हमारे पास एक प्रज्ञान चंद्रमा पर है और जमीन पर प्रज्ञानंदा है। हमने भारत के लिए जो चंद्रमा पर किया है, वह उन्होंने जमीन पर किया है।'

इसरो प्रमुख ने कहा, ''वह हमारे साथ अंतरिक्ष के प्रचार के लिए भी काम करेंगे। मुझे बहुत खुशी है कि प्रज्ञानंदा भारत को बहुत गौरवशाली और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए हमारे साथ युवाओं को पाठ्यक्रम में विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विषय लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।''

एस सोमनाथ ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस समय शतरंज में विश्व में 15वें क्रम के खिलाड़ी प्रज्ञानंदा आने वाले समय में नंबर एक खिलाड़ी होंगे।

एक्सप्रेस सेवा केंद्र — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल इंडिया) ने सऊदी अरब स्थित पेट्रोमिन कॉरपोरेशन के साथ साझेदारी में बेंगलूरु और चेन्नई में 16 एक्सप्रेस सेवा केंद्र लॉन्च किए। पेट्रोमिन कॉर्पोरेशन के ग्लोबल सीईओ कल्याण शिवगणनम ने बताया कि सोमवार को बेंगलूरु व चेन्नई में 8-8 एक्सप्रेस सेवा केन्द्र शुरु किए गए। बेंगलूरु के लॉंच के मौके पर एचपीसीएल इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. पीके जोशी, पेट्रोमिन कॉर्पोरेशन के जीसीईओ कल्याण शिवगणनम, सीईओ संजय निगम, प्रबंध निदेशक अश्नुत चोपड़ा, अमित गर्ग आदि उपस्थित थे।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


आत्मविश्वास मनुष्य के अंदर ही समाहित होता है। बस जरूरत है अपने अंदर की आंतरिक शक्तियों को इकट्ठा कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की। जीवन में सफलता के लिए आत्मविश्वास उतना ही आवश्यक है, जितना मनुष्य के लिए ऑक्सीजन और पानी। बिना आत्मविश्वास के व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों पर कदम बढ़ा ही नहीं सकता। आत्मविश्वास बनाने में समय और अभ्यास लगता है। इसमें यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करना, उपलब्धियों का जश्न मनाना और असफलताओं से सीखना शामिल है। याद रखें, गलतियाँ हर कोई करता है, लेकिन मायने यह रखता है कि हम उनसे कैसे सीखते हैं।



# वैष्णव महाविद्यालय में नवरात्रि पर 'गोलु' स्थापना एवं पूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अरुम्बाक्कम में द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव महाविद्यालय में बड़े ही हर्ष के साथ 14 अक्टूबर से नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री वल्लभ कल्चरल एकेडमी के तत्वावधान में गोलु की स्थापना महाविद्यालय परिसर में की गई। प्रोफेसर वी गायत्री अध्यक्षा, बी कॉम मार्केटिंग मैनज़मेंट विभाग ने अपनी टीम के साथ गोलु स्थापित कर वहाँ की साज-सज्जा की ज़िम्मेदारी बखूबी निभाई है। प्रतिदिन शाम को भजन-कीर्तन के साथ पूजा-आरती और प्रसाद वितरण का काम डॉ के बी मनिगंडन के द्वारा संचालित है। कॉलेज के ही छात्रों और शिक्षकों के द्वारा भजन, कीर्तन, सुंदरकाण्ड का पाठ हो रहा है। इसी कड़ी में वल्लभ कल्चरल एकेडमी द्वारा 18 अक्टूबर को शाम 4 बजे से कोला पेरूमाल स्कूल परिसर में डांडिया रास का आयोजन भी किया गया है। संयोजक प्रोफेसर मन्दिरा दत्ता ने बताया कि इसमें सिर्फ छात्राएं ही भाग ले सकती हैं।

## 18 को डांडिया रास

महाविद्यालय के सचिव अशोक कुमार मूँधड़ा की प्रेरणा और प्राचार्य डॉ एस सन्तोष बाबू के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हैं। देवी शक्ति स्वरूपा हैं और उनकी पूजा से त्याग, बलिदान और समर्पण की भावना छात्रों में भी विकसित हो और वे इंसानियत और मानवता के पथ पर अग्रसर हों।

जीवन में जब सभी रास्ते बंद हो जाते हैं तब सिर्फ एक रास्ता मिलता है और वह है ईश्वर का रास्ता, आज के छात्रों में यही भाव जगाना और उन्हें निराशा से बाहर लाना ही इस पूजा का उद्देश्य है।

# असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूज्य आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने कहा कि आत्मविश्वास मनुष्य के अंदर ही समाहित होता है। बस जरूरत है अपने अंदर की आंतरिक शक्तियों को इकट्ठा कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की। जीवन में सफलता के लिए आत्मविश्वास उतना ही आवश्यक है, जितना मनुष्य के लिए ऑक्सीजन और पानी। बिना आत्मविश्वास के व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों पर कदम बढ़ा ही नहीं सकता। आत्मविश्वास बनाने में समय और अभ्यास लगता है। इसमें यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करना, उपलब्धियों का जश्न मनाना और असफलताओं से सीखना शामिल है। याद रखें, गलतियाँ हर कोई करता है, लेकिन मायने यह रखता है कि हम उनसे कैसे सीखते हैं। आत्मविश्वास वह ऊर्जा है, जो सफलता की राह में आने वाली हर अड़चनों, कठिनाइयों और परेशानियों से मुकाबला करने के लिए व्यक्ति को बल देती है। एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों ठोकरें खाने के बाद ही होता है। इसका अर्थ है कि मनुष्य को अपनी असफलता से प्रेरणा लेकर सफलता की तरफ अग्रसर रहना चाहिए। हर किसी के जीवन में उतार-चढ़ाव, सफलता, असफलता आती रहती है, परंतु हमें विषम परिस्थितियों में कभी भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए। असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। आत्मविश्वास मनुष्य का जीवन का आधार है। आत्मविश्वास के साथ-साथ हमें हमेशा अच्छे रास्तों पर अग्रसर रहना चाहिए। हमारे जीवन में क्या उचित है, क्या अनुचित है। इसकी समझ हमेशा रहनी चाहिए। जिस तरह से एक कागज के नोट का मूल्य नया व पुराना दोनों परिस्थितियों में एक समान होता है। ठीक इसी प्रकार हमें असफल होने पर भी अपने मूल्य को कम नहीं समझना चाहिए। हम अद्वितीय है। हम सभी कार्य करने में सक्षम हैं। हमें किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी है। सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी आत्मविश्वास का होना है और आत्मविश्वास की एक महत्वपूर्ण कुंजी बेहद तैयारी का होना है।

## अनुमोदना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई। यहां किलपॉक में चन्द्रप्रभु जैन नया मन्दिर ट्रस्ट जैन संघ व अन्य चेन्नई के संघ के तत्वावधान में आज भद्रतप के 211 तपस्वियों के पारणे आचार्य, साधु संतों की निश्रा में वेपेरी के गौतम किरण भवन में उल्लास पूर्वक हुए। सदाबहार धर्मकार्य के लाभ लेने वाला पुण्यशाली परिवार श्रेष्ठीवर्य हुलासमल प्रमोदकुमार चोरड़िया ने पारणे कराने का लाभ लिया।



# परिग्रह न करें : साध्वी चैतन्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम विराजित साध्वीश्री चैतन्याश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि प्रभु परमात्मा महावीर ने नव शुभ कुंभ कलश बनाए हैं। शिष्य गुरु से पूछते हैं गुरुदेव 32 आगम है उसका सार क्या है। इतने 32 आगम पढ़ने के लिए मेरे पास समय नहीं है और इतना सब ध्यान में रहेगा भी नहीं। इतनी बुद्धि भी मेरे पास नहीं है। इसलिए हे गुरुदेव मुझे 32 आगम का सार बताइए तब गुरु ने शिष्य से कहा कि अगर मैं इसे शॉर्टकट में बताऊं तो वह है सम्यक दर्शन हमें इन मंगलकारी दिनों में स्वयं के घर में सम्यक दर्शन की स्थापना करनी चाहिए। प्रश्न हमारे सार भूत होने चाहिए गुरु शिष्य को कहते हैं सम्यक दर्शन को समझना है, तो दो ही सूत्र को समझना पहला जीव को जीव के प्रति स्नेह दर्शन और दूसरा है। जीव का जड़ के प्रति सत्य दर्शन प्रभु महावीर यही संदेश देते हैं कि हमने आज तक तप त्याग मासक्षमण दानशील तप और भाव कितने भी किए हो पर अगर उसमें सम्यक दर्शन का सिग्नेचर नहीं है। तो वह सारभूत नहीं होगी। जीव का जीव के प्रति अगर स्नेह नहीं रहेगा तो सम्यक दर्शन नहीं हो सकता है। हर जीव के प्रति हमारे मन में स्नेह भाव होना चाहिए चाहे फिर वह यह एकेन्द्रीय हो या पंचन्द्रिय सभी जीवों के प्रति हमारे मन में स्नेह दर्शन होना चाहिए। आप वाटर पार्क जाते हो तो सोचना चाहिए कि भगवान ने हमें क्या बताया पानी के एक बूंद में असंखयात जीव होते हैं फिर हम क्यों वाटर पार्क में जाकर अय्याशी और आराम करते हैं क्यों वाटर पार्क में जाकर भगवान महावीर की वाणी को भूल जाते हैं।

जड़ के प्रतिशत के दर्शन जड़ वस्तु यानी वह जिन वस्तुओं का संग्रह कर रहा है खुश हो रहे हो पर क्या वह आपको देखकर खुश होते हैं। जिन वस्तु का संग्रह आप करते हो उनकी उम्र ज्यादा हैं या आपकी उम्र ज्यादा है। जड़ के प्रति सत्य दर्शन जो हमने दोनों भरत यानी भरत चक्रवर्ती और राम का भाई भरत ये दोनों अनासक्त थे। वो जानते थे कि पाप और पुण्य ही साथ में चलेगा बाकी सब यहीं रह जाएगा। आज धर्म सभा में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ बेंगलूरु सेंट्रल से महासतीजी के आगामी 2024 का चातुर्मास की विनती के लिए संघ पहुंचा। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



# अमृता विश्वविद्या पीठम में दीक्षांत समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अमृता विश्वविद्या पीठम द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हैदराबाद आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर वीएस मूर्ति ने की। अमृता विश्वविद्या पीठम एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार भारत की शीर्ष 10 विश्वविद्यालय में से एक है। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 176 छात्रों को जिनमें से 32 छात्राएं शामिल है को डिग्री प्रदान की गई इनमें अधिकांश छात्र बीटेक कंप्यूटर साइंस, और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के रहे। इसके साथ ही बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक, संचार, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक स्ट्रीम के छात्र में छात्राओं ने भी डिग्रियां प्राप्त की। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी एस मूर्ति निदेशक आईआईटी हैदराबाद तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. हनुमंत राव महानिदेशक एमएआईटीए अनुसंधान एवम विकास भारत सरकार थे।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमृता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति माता अमृतानंदमई देवी ने कहा कि हमें अपने जीवन में अलसी युवा के सफल मॉडल की कहानी को सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव ही हमारा सच्चा गुरु होता है सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ अनुभव से प्राप्त ज्ञान का भी हमें जीवन में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की जब हम अपने सेवा के कार्य में कदम रखें तब उसी समय हमें धैर्य और श्रद्धा के साथ कार्य करने का साहस विकसित कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य हमारे अनुग्रह को आकर्षित करते हैं जिससे हमारे कार्य पूर्ण और सार्थक हो जाते हैं। अमृता विश्वविद्यापीठम के प्रबंधन सदस्य रामकृष्ण नंदपुरी ने इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम और आप आज यहां खड़े हैं तो यह हमारे द्वारा तय की गई कठिन यात्रा का परिणाम है हम सभी अनगिनत बाधाओं को पार कर आगे बढ़े हैं हमारा समर्पण और कड़ी मेहनत इसकी आधारशिला है। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में हमें लचीलेपन और शालीनता से सभी बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। दीक्षांत समारोह के अवसर पर अमृता विश्वविद्या पीठम के प्रबंधन सदस्यों के साथ छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विज्ञान और मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ विनीता साईं के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# 'प्लागोथॉन' का आयोजन किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मणिलाल एम मेहता गर्ल्स स्कूल द्वारा गत रविवार को सुबह 6 बजे मरीना बीच पर लाइंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 324-के द्वारा प्लागोथान का आयोजन किया गया। प्लागोथान में मणिलाल एम मेहता गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य शशिकला एस एवं शिक्षिकाओं तथा विद्यालय की 200 सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। प्लागोथान ऐसी गतिविधि है जिसमें लोग वॉकिंग करते हुए, चलते हुए कचरा उठाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है और उन्हें स्वच्छता की सोच बनाए रखने में मदद करना है। छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन के कमिश्नर डॉक्टर जे राधाकृष्णन तथा चेन्नई की मेयर आर प्रिया राजन उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्कूल को प्रमाण पत्र दिया गया यह कार्य एक वर्ल्ड रिकॉर्ड में समाविष्ट होता है।



# मां-बाप और गुरू की सेवा करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी भटक नहीं सकता है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बड़ों की सेवा और सानिध्य प्राप्त करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी भी भटक नहीं सकता है। सोमवार साहुकारपेट जैन भवन महासती धर्मप्रभा ने कहा कि मनुष्य जीवन मे छोटी सी उपलब्धि मिल जाने पर अपने आप को भगवान समझने लग जाता है और अपने मां बाप और गुरु के उपकारों को भूलकर उनका तिरस्कार और अपमान करने वाला व्यक्ति जीवन में कितनी भी सफलता प्राप्त कर लेवें। उस इंसान को परमात्मा भी माफ करने वाले नहीं है। जिस मनुष्य ने अपने मां बाप और गुरू की सेवा की उसके जीवन में कितनी भी आपत्ति और विपत्ति एवं संकट आ जाए वह जीवन मे कभी असफल नहीं हो सकता है क्योंकि बुजुर्गों से प्राप्त की गई शिक्षा और अनुभव से वह संकट मे भी सही मार्ग खोज लेगा। जो व्यक्ति अपने बड़ों और परिवार अपमान करता और उन्हें दुखः देता है ऐसा व्यक्ति कभी भी किसी का भला नहीं कर सकता है। सेवा करने वाला इंसान ही आगे बढ़ता और जीवन मे सपलता को प्राप्त करता है।

साध्वी स्नेहप्रभा उत्ताराध्यय सूत्र के श्लोक का वर्णन करते हुए बताया कि सेवा करने वाले मनुष्य की भगवान भी रक्षा करते है उसे चिंता करने की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि सेवा फल बड़ा होता है। बड़ों के प्रति आदर और सम्मान कि भावना होगी ऐसा इंसान ही सेवा करता है और ऊंचाइयों को छूता है।



# खेल पुरस्कार वितरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। वेपेरी स्थित गुरु श्री शांति विजय जैन विद्यालय में विगत दिनों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इन प्रतियोगिताओं में बॉलीबाल, क्रिकेट, दौड़, बैडमिंटन, शतरंज आदि शामिल थी। समारोह में इन खेल प्रतियोगिताओं में विजयी कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थीगण व अध्यापकगण को विद्यालय के प्रवक्ता व सचिव डॉ. ज्ञान जैन, प्राचार्या वी.उमा माहेश्वरी, प्रधानाध्यापिका के.सत्यभामा, एम.नीलिमा ने पुरस्कार वितरण किए। 12वीं कक्षा के एल. भव को फील्ड मार्शल का बैंच भी प्रदान किया गया।

प्राचार्य वी. उमा माहेश्वरी ने अपने स्वागत भाषण में जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक रवैया अपनाने को कहा।




# नीलम सेठिया के सम्मान में अभिनंदन समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहां शंकरनगर स्थित तेरापंथ भवन में रविवार को तेरापंथ महिला मंडल सेलम ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की निवर्तमान अध्यक्ष नीलम सेठिया के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। नीलम सेठिया एक हफ्ते पहले ही अपने दो साल के सफलतम कार्यकाल को पूर्ण कर मुंबई अधिवेशन में पदमुक्त होकर शनिवार को अपने गृहनगर सेलम पहुंची है। सेठिया के साथ सेलम से ही शालिनी लुंकड़ और मंजुला (पिंकी) डुंगरवाल जो कार्यकारिणी समिति की सदस्या थी उनका भी कार्यकाल समाप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बहनों द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई। इसके पश्चात शालिनी लुंकड़ ने अपने दो साल के अनुभव साझा करते हुए बताया कि नीलम के साथ काम करना अत्यंत सुखद एवं काफी कुछ सीखने वाला रहा।

महिला मंडल ने हार पहनाकर अभिनंदन पत्र तथा स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। अभातेममं को राष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व ख्याति दिलाने वाली अनेक परियोजनाओं को शुरू किया। नीलम सेठिया ने अपने भाषण में दो साल की संघीय सेवा के इस आध्यात्मिक सफर के अविस्मरणीय अनुभव सभी से साझा किये। उन्होंने बताया कि जब हम इतनी बड़ी संस्था के लिए काम करते हैं और वह भी नेतृत्व तो निश्चित है कि आरोह अवरोह साथ होंगे परंतु जब गुरु का आशीर्वाद, चारित्र आत्माओं का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग बना रहता है तो सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम का संचालन मीनु सुराणा ने किया। आभार ज्ञापन सपना बाफना ने किया।



# सुलोचन संस्कार कुंज का वार्षिकोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के सूलै जैन संघ द्वारा संचालित सुलोचन संस्कार कुंज का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी के आज्ञानुवर्तिनी साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी म.सा. की सुशिष्याएं श्री प्रियसौम्यांजनाश्रीजी म.सा. श्री प्रियज्ञानांजनाश्रीजी म.सा. एवं श्री प्रियदक्षांजनाश्रीजी म.सा. की निश्रा में चूलै स्थित सेठ कालुराम रत्नलाल मालू जैन भवन में मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, ड्रामा, शैडो एक्ट आदि प्रस्तुत किए गए। सभी का स्वागत चूलै जैन संघ के हेमचन्द बैद ने किया।

वाटिका के वार्षिक परीक्षा के विजेताओं को ट्रॉफी और प्राइज से लाबार्थियों द्वारा सम्मानित किया गया। वाटिका और पाठशाला के सभी अध्यापक एवम अध्यापिकाओं का संघ द्वारा सम्मानित किया गया। पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट निहालचंद ने दी। पहली बार सम्पूर्ण कार्यकर्म का मंच संचालन, संगीत, मैनेजमेंट वाटिका के बच्चों द्वारा किया गया।


डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com




# हेल्थ मेडी कैम्प का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्री सिवांची मद्रास जैन संघ, चेन्नई के तत्वावधान में हेल्थ मेडी कैम्प का आयोजन सिवांची जैन भवन में किया गया था। जिसमें करीब 201 सदस्यों ने पंजीकरण करवाया और समय पर आज 181 चेकअप के साथ कैम्प संपन्न हुआ। यह आयोजन हमारे समाज के 35वर्षो की पूर्णाहुति पर किया गया है। चेन्नई की जानी पहचानी प्रयोगशाला ह्यूमन लैब के सहयोग से ये आयोजन संपन्न हुआ। चेकअप का कार्यक्रम मंगलाचरण के साथ हुआ। सभी टेस्ट पंजीयन धारकों के लिए नाश्ता आदि का भी प्रबंध किया गया था। दोपहर तक चले इस कार्यक्रम में मेडी कैम्प संयोजक जयंतीलाल खिवेसरा, राजकुमार संकेलेचा, नेमीचंद देशरला, चंदनमल श्रीश्रीमाल, गौतम बाफ़ना, अनिल छाजेड, प्रकाश बागरेचा, जयंतीलाल बागरेचा, अशोक खतंग आदि कार्यकारिणी समिति एवम अन्य महानुभावों का सहयोग मिला।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.